# Daily Current Affairs

Date : 08 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | भारत पर्व कार्यक्रम, 2025 |
| 2. | राजस्थान का नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य |
| 3. | मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना |
| 4. | भारतीय नौसेना क्विज – थिंक-25 का ग्रैंड फिनाले : जयपुर चैंपियन |
| 5. | 35वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय (बालक-बालिका) कबड्डी प्रतियोगित, 2025 |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. वुशू खिलाड़ी : मुकेश चौधरी, जह्नावी मेहरा और नितिका बंसल<br>2. इंडिया सिल्वर ज्वैलरी शो-2025<br>3. 'श्रीभूवलय' ग्रंथ को अंतरराष्ट्रीय मान्यता<br>4. 'रेड डॉट डिजाइन पुरस्कार 2025': निपुण सक्सेना<br>5. संयोगवश काव्य कृति<br>6. जियोस्पैशियल इंटेलिजेंस से स्मार्ट एवं सतत् शहरों का निर्माण सम्मेलन, 2025<br>7. जयपुर लर्निंग फेस्टिवल-2025<br>8. अभिनव डिजिटल एंड इंटीरियर सोल्यूशंस : 7 अवॉर्ड<br>9. भर्तृहरि मंदिर, जमवाय माता मंदिर और प्रताप बांध |
| 7. | वॉक फॉर डिस्लेक्सिया अभियान |
| 8. | कर्नाटक की मासिक धर्म अवकाश नीति |
| 9. | GPS स्पूफिंग |
| 10. | अब्राहम अकॉर्ड्स |
| 11. | एमनेस्टी योजना, 2025 |
| 12. | मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य वाद: सुप्रीम कोर्ट |
| 13. | माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 |
| 14. | स्टेट ऑफ द क्लाइमेट अपडेट फॉर COP-30 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## भारत पर्व कार्यक्रम, 2025



### चर्चा में क्यों?

- 07 नवम्बर, 2025 को राजस्थान के मुख्यमंत्री ने गुजरात में, सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'भारत पर्व' कार्यक्रम में शामिल हुए।
- राज्यपाल को "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एरिया डेवलपमेंट एंड टूरिज्म गवर्नेंस अथॉरिटी" द्वारा सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा का प्रतिरूप और इससे संबद्ध पुस्तक भेंट की गई।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजित स्थल :** स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया, नर्मदा जिला, गुजरात।
- **आयोजन तिथि :** 1 नवबर से 15 नवंबर, 2025 तक।
- **भारत पर्व, 2025 का विषय :** 'देखो अपना देश'।
- **आयोजन का आरंभ :** वर्ष 2016
- **नोडल मंत्रालय :** कार्यक्रम पर्यटन मंत्रालय द्वारा।
- **विवरण :** यह आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" की भावना को उजागर करना है। इस 15-दिवसीय उत्सव में भारत की एकता और विविधता को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक शिल्प, क्षेत्रीय व्यंजन, और राज्यों के पर्यटन पवेलियन शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी :

- इसका उद्घाटन 31 अक्टूबर, 2018 को केवड़िया, गुजरात में किया गया था। यह 182 मीटर ऊँची विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा है, जो सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है।
- **अवस्थिति:** यह नर्मदा नदी और सरदार सरोवर बाँध के समीप साधु बेट की पहाड़ी स्थित हैं।
- वर्ष 2020 में भारत की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के आठ अजूबों की सूची में शामिल किया गया था।
- **एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) पहल :** 31 अक्टूबर, 2015 को शुरू की गई एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) पहल का उद्देश्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच सांस्कृतिक, भाषाई और सामाजिक आदान-प्रदान के माध्यम से सरदार पटेल की राष्ट्रीय एकता और एकीकरण की दृष्टि को आगे बढ़ाना है।

### सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्रीय एकीकरण में योगदान :

- **स्वतंत्रता के बाद भारत का एकीकरण :** स्वतंत्रता के समय भारत में 17 ब्रिटिश प्रांत सीधे ब्रिटिश शासन के अधीन थे, जबकि लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्रफल रियासतों के नियंत्रण में था।
- वल्लभभाई पटेल ने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में वर्ष 1947 के बाद 500 से अधिक रियासतों को एकीकृत भारत में शामिल करने का कार्य किया।
- उन्होंने रियासतों से संबंध बनाने के लिये स्टेट्स डिपार्टमेंट बनाया, जिसका नेतृत्व वी. पी. मेनन ने किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- उनकी संतुलित कूटनीति के कारण अधिकांश रियासतों ने इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (Instrument of Accession) पर हस्ताक्षर किये, जिससे शांतिपूर्ण एकीकरण सुनिश्चित हुआ।

**निर्णायक कार्रवाई :**

| रियासत | विशेष विवरण |
|---|---|
| जूनागढ़ | जब नवाब ने पाकिस्तान में शामिल होने का निर्णय लिया, तब पटेल ने पुलिस कार्रवाई का आदेश दिया और बाद में जनमत संग्रह के माध्यम से उसकी भारत में सम्मिलन की पुष्टि की। |
| हैदराबाद | वर्ष 1948 में "ऑपरेशन पोलो" संचालित किया गया, जिसमें रज़ाकर मिलिशिया को दबाया गया और राज्य को भारत में एकीकृत किया गया। |
| कश्मीर | पटेल की दृढ़ नीति और प्रशासनिक समर्थन ने महाराजा हरि सिंह के भारत में सम्मिलन के बाद एकीकरण में सहायता की। |

- **संस्थागत एकीकरण :** पटेल ने प्रशासनिक एकता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिये अनुच्छेद 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना की।
- उन्होंने अखिल भारतीय सेवाओं (AIS) को भारत की स्टील फ्रेम कहा, जो संघीय ढाँचे में राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिये अत्यंत आवश्यक थीं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान का नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य

## चर्चा में क्यों?

- 07 नवम्बर, 2025 को राज्य ने वर्ष 2030 तक का नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य वर्ष 2025 में ही प्राप्त कर लिया हैं।




## मुख्य बिन्दु:

- अक्षय ऊर्जा निगम ने बीकानेर जिले के पूगल सोलर पार्क में 2450 मेगावाट सौर तथा 5000 मेगावाट आवर बैटरी स्टोरेज की स्थापना के संबंध में एक विशेष निवेशक बैठक को संबोधित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- बैठक में ऊर्जा मंत्री ने राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RSDCL) द्वारा 2450 मेगावाट सौर ऊर्जा और 1250 मेगावाट/5000 मेगावाट घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) के विकास हेतु टेंडर जारी करने की घोषणा की।
- बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सौर ऊर्जा को दिन में संग्रहित कर रात में स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। साथ ही, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने एक नया ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया, जो सौर-पवन हाइब्रिड एवं अक्षय ऊर्जा पार्क परियोजनाओं के पंजीकरण, कनेक्टिविटी आवेदन और परियोजना प्रगति संबंधी जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराएगा।
- राज्य सरकार का उद्देश्य केवल बिजली उत्पादन नहीं, बल्कि हर घर तक स्वच्छ ऊर्जा पहुँचाना है, जो भारत सरकार के नेट ज़ीरो—2070 लक्ष्य में योगदान देगा।
- आगामी वर्ष तक प्रदेश में 11 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित किए जाएंगे।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा :**

1. **दिसंबर, 2024 तक कुल अधिष्ठापित ऊर्जा क्षमता :** 26325 मेगावाट।
2. **बॉयोमास ऊर्जा (जैविक द्रव्य ऊर्जा) :** बायोमास ऊर्जा भी एक स्वच्छ ऊर्जा का महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है, जिसके महत्त्वपूर्ण स्त्रोत सरसों की तूड़ी व विलायती बबूल है। राज्य में दिसम्बर, 2024 तक 128.45 मेगावाट क्षमता के 14 बायोमास संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं
3. **हरित हाइड्रोजन उत्पादन :** राजस्थान की एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 का लक्ष्य 2030 तक 2,000 किलो टन प्रति वर्ष (KTPA) हरित हाइड्रोजन उत्पादन प्राप्त करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

4. **पवन ऊर्जा :** भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत् नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विण्ड एनर्जी (NIWE) द्वारा किये गये अध्ययन के अनुसार राज्य में पवन ऊर्जा की 150 मीटर की ऊँचाई (धरातल स्तर से) पर अनुमानित क्षमता लगभग 284 गीगावाट है। राज्य में दिसम्बर, 2024 तक कुल 5,209 मेगावाट क्षमता के पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

**राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024:**

- **अधिसूचना जारी :** 04 दिसंबर, 2024
- **नीति की अवधि :** 29 मार्च, 2029
- **लक्ष्य :** राज्य में वर्ष 2029-30 तक 1,25,000 मेगावाट (125 गीगावाट) अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

**125 गीगावाट का विभाजन:**

| क्रम | उत्पादन का प्रकार | लक्षित क्षमता |
|---|---|---|
| 1. | सौर (Solar) | 90,000 MW |
| 2. | पवन और हाइब्रिड (Wind & Hybrid) | 25,000 MW |
| 3. | हाइड्रो, पंप स्टोरेज प्लांट (PSP), बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम | 10, 000 MW |

- **नोट:** राजस्थान द्वारा परंपरागत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 54 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत क्षमता के लक्ष्य को वर्ष 2031-32 तक प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।
- सौर ऊर्जा में अग्रणी राज्य राजस्थान ने मई, 2025 में पहली बार 1,000 मेगावाट का आँकड़ा पार करने के बाद एक ही समय में अपनी सौर क्षमता दोगुनी कर ली है, जो किसानों और निजी डेवलपर्स की मज़बूत भागीदारी को दर्शाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सवाई माधोपुर ज़िले के कोलाड़ा में नया 1.82 मेगावाट का सौर संयंत्र स्थापित होने के बाद राजस्थान की PM-KUSUM योजना के घटक-A और घटक-C के तहत कुल स्थापित क्षमता 2,001 मेगावाट तक पहुँच गई है।**

**राष्ट्रीय रैंकिंग:**

1. **घटक-A: राजस्थान भारत में पहले स्थान पर है, जहाँ अर्द्ध-उपजाऊ और बंजर भूमि का उपयोग ग्रिड-संयुक्त सौर परियोजनाओं के लिये किया जा रहा है।**
2. **घटक-C: राज्य राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर है, महाराष्ट्र और गुजरात के बाद तथा यह कृषि पंपों के सौरकरण पर केंद्रित है।**

**ऊर्जा सांख्यिकी भारत, 2025 :**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना

## चर्चा में क्यों?

- 07 नवम्बर, 2025 को राजस्थान डिस्कॉम्स ने 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत संचालन दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

**मुख्य बिन्दु:**

- **जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार उपभोक्ता रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगवाकर संयंत्र की क्षमता के अनुसार पीएम सूर्यघर योजना में देय केन्द्रीय अनुदान (अधिकतम 78 हजार रूपए) प्राप्त करेंगे। न्यूनतम 1.1 किलोवाट के संयंत्र पर उन्हें राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 17 हजार रूपए की सब्सिडी भी दी जाएगी, जो डिस्कॉम द्वारा सत्यापन के पश्चात् प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में भेजी जाएगी।**
- **इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से प्रतिमाह 150 यूनिट निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।**
- **प्रथम चरण में यह लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनके पास रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए घर की छत उपलब्ध है।**
- **योजना में वही घरेलू उपभोक्ता अतिरिक्त राज्य सब्सिडी के लिए पात्र होंगे, जो पहले से मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत हैं तथा जिनके पास रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए स्वयं की छत उपलब्ध है।**
- **रूफ टॉप सोलर सिस्टम अपनी स्वामित्व वाली छत पर ही स्थापित कराना होगा।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय नौसेना क्विज – थिंक-25 का ग्रैंड फिनाले : जयपुर चैंपियन

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय नौसेना अकादमी (INA), एझिमाला में आयोजित भारतीय नौसेना क्विज थिंक-25 के ग्रैंड फिनाले में जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल, जयपुर विजेता बन गया हैं।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 05 नवंबर, 2025
- **वर्ष 2025 की थीम :** "महासागर" पर आधारित।
- जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल, जयपुर विजेता बना, जबकि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, समस्तीपुर ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 35वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय (बालक-बालिका) कबड्डी प्रतियोगित, 2025

## चर्चा में क्यों?

- जयपुर में आयोजित 35वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय (बालक-बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता, 2025 में जयपुर टीम ने बालक-बालिका दोनों वर्गों में खिताब जीता।



## मुख्य बिन्दु:

| | बालक वर्ग | बालिका वर्ग |
|---|---|---|
| प्रथम | जयपुर (46 अंक) | जयपुर (61 अंक) |
| द्वितीय | हनुमानगढ़ (38 अंक) | बीकानेर (27 अंक) |
| तृतीय | बीकानेर और सीकर की टीमों को संयुक्त रूप से। | भरतपुर और चुरू की टीमों को संयुक्त रूप से। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **वुशू खिलाड़ी : मुकेश चौधरी, जह्नावी मेहरा और नितिका बंसल**<br>■ राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सवाई मानसिंह स्टेडियम पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने वुशू खिलाड़ियों को समानित किया गया।<br>■ वुशू के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश चौधरी को वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक, जह्नावी मेहरा को एशियन वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक व नितिका बंसल को एशियन वुशू प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर समानित किया। |
| 2. | **इंडिया सिल्वर ज्वैलरी शो-2025**<br>■ सीतापुरा स्थित JECC में 8 से 10 नवंबर, 2025 तक इंडिया सिल्वर ज्वैलरी शो-2025 किया जा रहा हैं।<br>■ यह आयोजन जयपुर सिल्वर एसोसिएशन, ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल, CAIT, ऑल इंडिया गोल्डस्मिथ कन्फेडरेशन, सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी और आदिकाश इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। |
| 3. | **'श्रीभूवलय' ग्रंथ को अंतरराष्ट्रीय मान्यता**<br>■ मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड्स लंदन ने कर्नाटक के कुमुदेंदू मुनि विरचित 'श्रीभूवलय ग्रंथ' को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की है।<br>■ इस हेतु समारोह में आचार्य आदित्य सागर महाराज को ग्रंथ के लिए सम्मानित किया जाएगा।<br>■ यह ग्रंथ नौ खंडों में लिखा गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **'रेड डॉट डिजाइन पुरस्कार 2025': निपुण सक्सेना**<br>■ जयपुर के निपुण सक्सेना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'रेड डॉट डिजाइन पुरस्कार 2025' में 'बेस्ट ऑफ द बेस्ट' श्रेणी में पुरस्कार जीता है।<br>■ **पुरस्कार वितरण :** हाल ही में, निपुण सक्सेना ने सिंगापुर में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।<br>■ **योगदान :** निपुण को यह पुरस्कार उनकी ओर से डिजाइन किए गए उत्पाद 'ऑडियॉन' के लिए मिला है।<br>■ **उद्देश्य :** 'ऑडियॉन' डिजाइन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय के व्यक्ति की कार्यक्षमता में वृद्धि करना है।<br>■ इस उपलब्धि के बाद निपुण को डिजाइन के क्षेत्र के सर्वोच्च पुरस्कार 'पीटर जैक पुरस्कार' के लिए भी नामांकित किया गया। |
| 5. | **संयोगवश काव्य कृति**<br>■ डॉ. सावित्री मदन डागा साहित्य सम्मान इस वर्ष वरिष्ठ कवि डॉ. आशुतोष दुबे की काव्य कृति 'संयोगवश' के लिए दिया जाएगा।<br>■ कवि नरेश सक्सेना, लेखक श्रीप्रकाश मिश्र, लेखिका अलका सरावगी के निर्णायक मंडल ने दुबे की पुस्तक संयोगवश को सम्मान के लिए चुना है।<br>■ आगामी दिसंबर माह में जोधपुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुबे को सम्मानित किया जाएगा।<br>■ प्रथम सम्मान, 2023 में कवि कृष्ण कल्पित को उनकी कृति 'हिन्दनामा' के लिए दिया गया था। |
| 6. | **जियोस्पैशियल इंटेलिजेंस से स्मार्ट एवं सतत् शहरों का निर्माण सम्मेलन, 2025**<br>■ बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च में तीन दिवसीय जियोस्पैशियल इंटेलिजेंस से स्मार्ट एवं सतत् शहरों के निर्माण विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई।<br>■ सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जियोस्पैशियल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी विकास और सतत् शहरी नियोजन के क्षेत्र में हो रहे वैश्विक नवाचारों, अनुसंधान एवं अनुप्रयोगों पर विचार-विमर्श करना है।<br>■ इसमें 100 से अधिक विशेषज्ञ और वैज्ञानिक अनुभव और शोध प्रस्तुत करेंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 7. | **जयपुर लर्निंग फेस्टिवल-2025** |
| | ■ जयपुर में दो दिवसीय 'जयपुर लर्निंग फेस्टिवल-2025' का आयोजन 9 नवंबर से बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा।<br>■ फेस्ट का मुख्य उद्देश्य युवाओं, प्रोफेशनल्स, महिलाओं और उद्यमियों को सेल्फ डिस्कवरी, माइंडसेट मास्टरी, अपस्किलिंग और अनस्टॉपेबल ग्रोथ की दिशा में प्रेरित करना है। |
| 8. | **अभिनव डिजिटल एंड इंटीरियर सोल्यूशंस : 7 अवॉर्ड** |
| | ■ नई दिल्ली में हुए समारोह में अभिनव डिजिटल एंड इंटीरियर सोल्यूशंस को कोनिका मिनोल्टा की ओर से सम्मानित किया गया।<br>■ वार्षिक समारोह में सभी केटेगरी में प्रथम अवार्ड दिए गए।<br>■ परफेक्ट पार्टनर अवॉर्ड, टॉपलाइन एक्सीलेंस अवॉर्ड, इन्फिनिटी ग्रोथ अवॉर्ड, टू कलर एक्सीलेंस अवॉर्ड, अधिकतम सैल के लिए क्लब अवॉर्ड, सर्विस एक्सीलेंस अवॉर्ड व नॉन-हार्डवेयर ग्रोथ चैंपियन से पुरस्कृत किया गया। |
| 9. | **भर्तृहरि मंदिर, जमवाय माता मंदिर और प्रताप बांध** |
| | ■ राज्य वन्यजीव मंडल की बैठक में तीन प्रस्तावों को राष्ट्रीय वन्यजीव मंडल को भेजने का निर्णय लिया गया।<br>■ पहला प्रस्ताव सरिस्का में नाथ योगी भर्तृहरि मंदिर के जीर्णोद्धार और बुनियादी सुविधाओं के विकास से जुड़ा है। इसके लिए 5.38 हेक्टेयर (लगभग 21.5 बीघा) भूमि के परिवर्तन को मंजूरी दी गई है।<br>■ दूसरा प्रस्ताव अलवर में प्रताप बांध से मांच तिराहा सड़क के नवीनीकरण से संबंधित है।<br>■ तीसरा प्रस्ताव जमवारामगढ़ स्थित जमवाय माता मंदिर के जीर्णोद्धार से जुड़ा है। यह मंदिर वन्यजीव क्षेत्र में स्थित है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## वॉक फॉर डिस्लेक्सिया अभियान

### चर्चा में क्यों?

- जागरूकता और सभी के लिए समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 'वॉक फॉर डिस्लेक्सिया' अभियान शुरू किया हैं।




### मुख्य बिन्दु:

- प्रतिवर्ष अक्टूबर माह को डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, जबकि 8 अक्टूबर, 2025 को अंतरराष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **आयोजक:** चेंजिंक फाउंडेशन, यूनेस्को MGEIP, ऑर्किड्स फाउंडेशन और सोच फाउंडेशन द्वारा 26 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर किया गया।
- वैश्विक अनुमानों के अनुसार, डिस्लेक्सिया दुनिया भर में हर पाँच में से एक व्यक्ति को प्रभावित करता है। UDISE+ 2024-25 के अनुसार , स्कूलों में नामांकित सभी विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (CWSN) में से लगभग 12.15 प्रतिशत में विशिष्ट अधिगम अक्षमताएँ (SLD) पाई गई हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कर्नाटक की मासिक धर्म अवकाश नीति

## चर्चा में क्यों?

- कर्नाटक देश का पहला राज्य बन गया है जिसने सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों की महिला कर्मचारियों के लिए प्रति वर्ष 12 दिन का सवेतन मासिक धर्म अवकाश स्वीकृत किया है।

## मुख्य बिन्दु:

### पक्ष में तर्क

- लिंग-संवेदनशील कार्यस्थलों को बढ़ावा देना
- लिंग-तटस्थ नीतियों से आगे बढ़कर लिंग-संवेदनशील श्रम सुधारों की ओर कदम
- मासिक धर्म स्वास्थ्य की स्वीकृति
- उत्पादकता और कल्याण में सुधार

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# GPS स्पूफिंग

## चर्चा में क्यों?

- एयरलाइंस कंपनियों ने दिल्ली में GPS स्पूफिंग में वृद्धि की सूचना दी है। इसके कारण सरकार ने असामान्य नेविगेशन व्यवधानों की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य बिन्दु:

### GPS स्पूफिंग

- यह एक प्रकार का साइबर हमला है, जो नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने के लिए गलत GPS (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) सिग्नल प्रसारित करता है।
- **कार्यप्रणाली:** यह GPS उपग्रहों के कमजोर संकेतों का फायदा उठाकर उन्हें नकली संकेतों से बदल देते हैं, जिससे रिसीवर गलत अवस्थिति दिखाता है।
- **खतरे:** यह विमानन, लॉजिस्टिक्स, दूरसंचार, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रकों को बाधित कर सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## अब्राहम अकॉर्ड्स

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कजाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड्स का हिस्सा होगा।

### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य:** इजरायल और अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाकर मध्य पूर्व में तनाव को कम करना, ताकि इजरायल के साथ इन देशों के औपचारिक राजनयिक, व्यापारिक व सुरक्षा संबंध सुनिश्चित हो सकें।
- इस समझौते का नाम बाइबिल के अब्राहम के नाम पर रखा गया है, जिसे यहूदी और अरब दोनों ही अपना साझा पूर्वज एवं बंधुत्व का प्रतीक मानते हैं।
- **उत्पत्ति:** अब्राहम समझौता पर सितंबर 2020 में इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने हस्ताक्षर किए थे। बाद में मोरक्को भी इस समझौते में शामिल हुआ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## एमनेस्टी योजना, 2025

**चर्चा में क्यों?**

- **कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा लंबित मुकदमों के समाधान और अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए 'एमनेस्टी योजना 2025' लागू की गई।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **शुरुआत :** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा शुरू किया गया।
- **योजना की अवधि :** 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर 2026 तक
- **उद्देश्य :** अदालतों में लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करना और ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को सरल बनाना।

**मुख्य प्रावधान :**

- योजना के तहत नियोक्ता वास्तविक अंशदान और ब्याज का भुगतान कर तदर्थ मूल्यांकन का निदान कर सकेंगे, और इस पर कोई क्षतिपूर्ति नहीं वसूली जाएगी।
- जिन विवादित क्षतिपूर्ति मामलों में नियोक्ताओं ने पहले ही बकाया अंशदान और ब्याज राशि का भुगतान कर दिया है, उन्हें वापस लिया जाएगा, बशर्ते कि विवादित क्षतिपूर्ति का 10 प्रतिशत भुगतान किया गया हो।
- **महत्व :** यह समावेशी विकास, हितधारकों के मध्य विश्वास को बढ़ावा देने और एक प्रगतिशील और उत्तरदायी सामाजिक सुरक्षा संस्थान के रूप में ESIC की भूमिका को सुदृढ़ करने का प्रयास करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य वाद: सुप्रीम कोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- मिहिर राजेश शाह बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य वाद में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी लिखित रूप में नहीं दी जाती, तो यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्ति के मूल अधिकारों का उल्लंघन है।

### मुख्य बिन्दु:

**संबंधित अनुच्छेद**

- **अनुच्छेद 21:** किसी भी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा, अन्यथा नहीं।
- **अनुच्छेद 22(1):** गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों की सूचना (जितनी जल्दी हो सके) दी जानी चाहिए, और उसे अपनी पसंद के विधिक व्यवसायी से परामर्श करने तथा अपना बचाव करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि विलंब के कारण निर्णय लेने में बाधा उत्पन्न होती है, तो माध्यस्थम् निर्णय (पंचाट) को रद्द किया जा सकता है।

## मुख्य बिन्दु:

### माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996

- इसका उद्देश्य देशी माध्यस्थम्, अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक माध्यस्थम् और विदेशी माध्यस्थम् संबंधी निर्णयों के प्रवर्तन से संबंधित कानून को समेकित तथा संशोधित करना है।
- यह संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विधि आयोग द्वारा 1985 में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक माध्यस्थम् विषयक कानून पर आधारित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## स्टेट ऑफ द क्लाइमेट अपडेट फॉर COP-30

### चर्चा में क्यों?

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने "स्टेट ऑफ द क्लाइमेट अपडेट फॉर COP-30" रिपोर्ट जारी की।

### मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2025 अब तक दर्ज दूसरा या तीसरा सबसे गर्म वर्ष रहने की संभावना है।
- वर्ष 2025 सहित पिछले 11 वर्ष मानव इतिहास के सबसे गर्म 11 वर्ष रहे हैं।
- कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड की वायुमंडलीय सांद्रता 2024 में अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR